**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

## राजभवन में आयोजित प्रादेशिक पुष्प प्रदर्शनी का पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

## राज्यपाल ने पुरस्कार वितरित किये

लखनऊः 22 फरवरी, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में आयोजित प्रादेशिक शाक-भाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी के पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतिभाग करने वाले विजेताओं को 107 चल वैजयन्ती, ट्राफी एवं कप सहित अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस प्रदर्शनी में कुल 1004 प्रतिभागियों ने भाग लेकर विभिन्न वर्गों में 4000 से अधिक प्रदर्शों को प्रदर्शित किया था। पुरस्कार वितरण से पूर्व राज्यपाल ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा उसकी प्रशंसा भी की। इस अवसर पर राज्यपाल की पत्नी, श्रीमती कुंदा नाईक, मुख्य सचिव, श्री आलोक रंजन, पुलिस महानिदेशक, श्री ए0के0 जैन, प्रमुख सचिव उद्यान, श्री दीपक त्रिवेदी, राज्यपाल की प्रमुख सचिव, सुश्री जूथिका पाटणकर सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि फूल नेत्र और सुगंध सुख देते हैं और सब्जियाँ जिह्वा सुख देती हैं। खेती लाभदायक बने इसके लिए किसानों को नई तकनीक, बाजार की उपलब्धता तथा उचित भण्डारण व्यवस्था की आवश्यकता है। लोग पहले खेती को उत्तम, व्यापाक को मध्यम और सेवा को कनिष्ठ समझते थे, जो आज के समय में उल्टा हो गया है। 1950 में भारत में जितना गेहूँ होना चाहिए था, नहीं होता था। अपने उपयोग के खाद्यान्न के लिए हम विदेशों से गेहूँ आयात करते थे। वर्तमान में आबादी बढ़ी है मगर खेती की जमीन नहीं बढ़ी फिर भी हम खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर है और विदेशों को निर्यात भी करते हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमारे किसान बधाई के पात्र हैं।

श्री नाईक ने गमलों में लगी सब्जियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे आमजन प्रेरित होंगे। जब गमलों में इतनी अच्छी सब्जी हो सकती है तो उसी तकनीक के आधार पर बढे पैमाने पर भी किया जा सकता है। वैज्ञानिक तकनीक को ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुँचाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी की चर्चा समाचार पत्रों के माध्यम से दिल्ली तक हो रही है। लोगों ने उनसे दिल्ली में प्रदर्शनी में प्रदर्शित उन्नत सब्जियों के बारे में जिज्ञासापूर्वक पूछा। उन्होंने कहा कि इस भूमिका में प्रदर्शनी का महत्व और भी बढ़ गया है।

मुख्य सचिव श्री आलोक रंजन ने कहा कि इस वर्ष का आयोजन बहुत सफल रहा। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया। खेती के साथ-साथ उद्यान के प्रति लोगों का रूझान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में केले के विकास की अनेक संभावनाएं हैं।

प्रमुख सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, श्री दीपक त्रिवेदी ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा श्री एस0पी0 जोशी, निदेशक, उद्यान ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

--------


फल ,शाकभाजी
2015





# महामहिम श्री राज्यपाल के कर कमलों द्वारा वितरित किये जाने वाली पुरस्कार चल वैजयन्ती की सूची

| क्र.सं. | चल बैजयंती/शील्ड/ट्राफी का नाम | विजेता का नाम व पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | मे0 आदर्श नर्सरी रनिंग शील्ड (भाग-2 क्लास-35 वर्ग-471) (1000 वर्ग मीटर से अधिक के उद्यान के विजेता हेतु) | पुलिस महानिदेशक, 1 तिलक मार्ग, लखनऊ। | प्रथम |
| 2 | स्व0 एस0एस0 गुप्ता, चल वैजयन्ती (भाग-2 क्लास-35 वर्ग-464 ए) 1000 वर्गमीटर से कम के उद्यान। | श्री आर0एस0 मालवीय, जी0ओ0सी0 सब एरिया कमान्ड, लखनऊ। | प्रथम |
| 3 | श्रीमती श्यामादेवी चल बैजयन्ती (भाग-2 क्लास-36 वर्ग-484) (कार्यालय उद्यान-1000 वर्ग मीटर से 2000 वर्ग मीटर तक के उद्यान के विजेता हेतु) | वरिष्ठ रजिस्ट्रार, माननीय उच्च न्यायालय, लखनऊ। | प्रथम |
| 4 | श्री राज्यपाल चल वैजयन्ती, (भाग-2 क्लास-36 वर्ग-510) पब्लिक पार्क जो 2000 वर्ग मीटर से अधिक के हो स्वंयसेवी संस्थाओं/ प्रतिष्ठानों द्वारा आरक्षित हो के विजेता हेतु | उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, जनेश्वर मिश्र पार्क, लखनऊ। | प्रथम |
| 5 | श्री राज्यपाल चल वैजयन्ती, (भाग-2 क्लास-36 वर्ग-506) राजकीय अतिथि गृह उद्यान-1000 वर्ग मीटर से 2000 वर्ग मीटर तक के उद्यान के विजेता हेतु) | अधिशाषी अधिकारी, पाम हाऊस कैन्टोमेन्ट बोर्ड, लखनऊ। | प्रथम |
| 6 | श्री राज्यपाल चल वैजयन्ती (भाग 2 क्लास-3 गमलों के कलरत्मक समूह के लिए) जेल, सेना तथा राजकीय उद्यानों के लिए | अधीक्षक, राजभवन उद्यान, लखनऊ। | प्रथम |
| 7 | श्री राज्यपाल चल वैजयन्ती, (भाग-2 क्लास-35 वर्ग-467) (300 वर्ग मीटर से 400 वर्ग मीटर तक के विजेता) | श्री जगदीप राय, मण्डल रेल प्रबन्धक, 12-विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ। | प्रथम |
| 8 | मे0 लाल नर्सरी रनिंग शील्ड (भाग-2 क्लास-35 वर्ग-472) 100 वर्ग मीटर से कम की गृहवाटिका के विजेता हेतु) | श्री अनूप कुमार, बंगला नं0-1 पू0रे0, इगर्टन रोड, लखनऊ। | प्रथम |
| 9 | हरीतिमा चल बैजयन्ती, (भाग-2 क्लास-35 वर्ग-470) (700 वर्ग मीटर से 1000 वर्ग मीटर तक के उद्यान के विजेता हेतु) | श्रीमती आशिमा सिंह, निदेशक, आई.आर.आई.टी.एम., हरदोई रोड, लखनऊ। | प्रथम |
| 10 | श्री राज्यपाल चल वैजयन्ती, (भाग-2 क्लास-36 वर्ग-515) (औषधीय उद्यान/पार्क 100 वर्ग मीटर से अधिक के हो के विजेता हेतु) | प्रभारी चिकित्साधिकारी (आयुर्वेद) एवं प्रभारी अधिकारी धन्वन्तरि वाटिका, राजभवन, लखनऊ। | प्रथम |

# मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के कर कमलों द्वारा वितरित किये जाने वाली पुरस्कार चल वैजयन्ती की सूची

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री बी0पी0एस0 मान चल कप, (भाग-2 क्लास-36 वर्ग-479) (राजकीय कम्पाउण्ड-300 वर्ग मीटर से 500 वर्ग मीटर तक के उद्यान के विजेता हेतु) | अपर पुलिस महानिदेशक, पी.ए.सी. मुख्यालय, लखनऊ। | प्रथम |
| 2 | श्री राज्यपाल चल वैजयन्ती (भाग-2 क्लास-36 वर्ग-483) (कार्यालय उद्यान- 1000 वर्ग मीटर से अधिक के उद्यान के लिए) | आवास आयुक्त, (कार्यालय उद्यान) उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, 104-महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ। | प्रथम |
| 3 | श्री राज्यपाल चल वैजयन्ती, (भाग-2 क्लास-36 वर्ग-509) पब्लिक पार्क जो 2000 वर्ग मीटर तक के स्वंयसेवी संस्थाओं/प्रतिष्ठानों द्वारा आरक्षित हो के विजेता हेतु) | सचिव, विराट खण्ड-2 रेजीडेन्स वेलफेयर सोसाइटी, भवन संख्या-2/150 विराट खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ। | प्रथम |
| 4 | मे0 आदर्श नर्सरी रनिंग शील्ड, (भाग-2 क्लास-35 वर्ग-471 ए) (1000 वर्ग मीटर से अधिक के उद्यान के विजेता हेतु) | ले0 जनरल जी0एस0 शेरगिल, वी0एस0एम0 चीफ आफ स्टाफ-13, थिमैया रोड कैन्ट,लखनऊ। | प्रथम |
| 5 | प्रोफेसर एम0एम0 निगम चल कप (भाग-2 क्लास-8 जाडे के मौसम के गमलों में फूलों के पौधो के लिए) (व्यक्तिगत उद्यानों के लिए) | मेजर जनरल अमरजीत सिंह, 4 हजरत महल मार्ग, लखनऊ। | प्रथम |
| 6 | अंसल ए.पी.आई. सुशान्त गोल्फ सिटी, चल ट्राफी (भाग-2 क्लास-36 वर्ग-503) (राजकीय निवास उद्यान-8000 वर्ग मीटर से 10000 वर्ग मीटर तक के उद्यान विजेता हेतु) | महानिरीक्षक, एस0एस0बी0 सीमान्त मुख्यालय (गृ0म0) एस0एस0बी0, एफ0टी0आर0 लखनऊ। | प्रथम |
| 7 | श्री शेख मुस्ताक रनिंग शील्ड, (भाग-2 क्लास-35 वर्ग-476 ए) (छत की गृहवाटिका के विजेता हेतु) | श्री सुखवीर सिंह, 13/6 यमन सहारा स्टेट, जानकीपुरम, लखनऊ। | प्रथम |
| 8 | श्री राज्यपाल चल वैजयन्ती, (भाग-2 क्लास-36 वर्ग-517) चिकित्सालय के उद्यान 5000 वर्ग मीटर तक के उद्यान के विजेता हेतु) | प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, डा0 राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय, गोमतीनगर, लखनऊ। | प्रथम |
| 9 | श्री राज्यपाल चल वैजयन्ती, (भाग-2 क्लास-36 वर्ग-505) (राजकीय निवास उद्यान-12000 वर्ग मीटर से अधिक के उद्यान के विजेता हेतु) | प्रभारी मुख्यमंत्री, आवास-5 कालीदास मार्ग, लखनऊ। | प्रथम |
| 10 | श्री राम रतन पाठक, चल कप प्रदत्तकर्ता श्री बृज किशोर पाठक (भाग-2 क्लास-27 गमलों में लगी शाकभाजी सभी प्रदर्शनकर्ताओं के लिए) | श्रीमती मंजू वर्मा, 50-क्ले स्कावयर, कबीर मार्ग, सदर, लखनऊ। | प्रथम |

# प्रमुख सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के कर कमलों द्वारा वितरित किये जाने वाली पुरस्कार चल वैजयन्ती की सूची

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री हरीश चन्द्र सक्सेना,<br>चल बैजयन्ती (भाग-1 क्लास-3 शाकभाजी केवल जेल के लिए) | अधीक्षक, जिला कारागार, बुलन्दशहर<br>अधीक्षक, जिला कारागार, हरदोई | प्रथम (संयुक्त विजेता) |
| 2 | डा0 एस.एस. भटनागर रनिंग ट्राफी<br>(भाग-1 क्लास-4 फल सर्वसाधारण के लिए) | श्री सलीमुद्दीन,<br>बिल्दा, फतेहपुर। | प्रथम |
| 3 | स्व0 श्री राम बदन सिंह चल कप प्रदत्तकर्ता श्रीमती उर्मिला सिंह (भाग-1 क्लास-5)<br>(जैविक शाकभाजी सर्वसाधारण के लिए) | श्री संतोष कुमार द्वारा<br>जिला उद्यान अधिकारी,<br>सीतापुर। | प्रथम |
| 4 | मे0 गरीबे ठेकेदार चल कप (भाग-1 क्लास-6 फल संरक्षण घर की बनी सभी के लिए) | श्री त्रिलोचन प्रसाद रस्तोगी, खजुआ, लखनऊ।<br>श्रीमती सुमन लाल रस्तोगी, खजुआ, लखनऊ। | प्रथम (संयुक्त विजेता) |
| 5 | श्रीमती शकुन्तला देवी चल कप प्रदत्तकर्ता जे0बी0 सिंह (भाग-2 क्लास-13 गुलाब के कटे फूल के लिए) | श्री राजीव कुमार,<br>ई.डी. एच.ए.एल.,<br>लखनऊ। | प्रथम |
| 6 | भाग-2 क्लास-38<br>(फोटोग्राफी प्रतियोगिता) | श्रीमती ममता वर्मा,<br>50 क्ले स्कवायर, कबीर मार्ग,<br>लखनऊ। | प्रथम |
| 7 | पं0 स्व0 श्री राम स्वरूप शर्मा चल बैजयन्ती<br>(भाग-2 क्लास-35 वर्ग-464)<br>(100 वर्ग मीटर से कम के उद्यान के विजेता हेतु) | श्री प्रशान्त कुमार सिंह,<br>6-ए-विक्रमादित्य मार्ग,<br>लखनऊ। | प्रथम |
| 8 | स्व0 श्रीमती दुर्गा देवी चल वैजयन्ती प्रदत्तकर्ता कु0 अल्का रानी दूबे<br>(भाग-2 क्लास-35 वर्ग-465)<br>(100 वर्ग मीटर से 200 वर्ग मीटर तक के उद्यान के विजेता हेतु) | श्रीमती शशी जैन,<br>ए-2 सिन्धु नगर, कृष्णा नगर,<br>लखनऊ। | प्रथम |
| 9 | श्री शेख मुस्ताक रनिंग शील्ड,<br>(भाग-2 क्लास-35 वर्ग-476)<br>(टैरेस के उद्यान के विजेता हेतु) | श्री बी.के. सिंह,<br>यमन, सहारा स्टेट, लखनऊ। | प्रथम |
| 10 | शेख अब्दुल्ला शील्ड,<br>(भाग-2 क्लास-36 वर्ग-488)<br>शिक्षा संस्थाओं के उद्यान-1500 वर्ग मीटर से 2000 वर्ग मीटर तक के उद्यान के विजेता हेतु) | नगर आयुक्त,<br>नगर निगम, माडल हाऊस स्कूल,<br>लखनऊ। | प्रथम |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | श्रीमती चन्द्रा तेवतिया चल कप प्रदत्तकर्ता डा0 शिवराज सिंह तेवतिया (भाग-2 क्लास-23 भारतीय प्रजाति के गुलाब के कटे फूल सभी प्रदर्शनकर्ताओं के लिए) | निदेशक,<br>सीमैप,<br>लखनऊ। | प्रथम |
| 12 | श्रीमती कमला देवी चल वैजयन्ती,<br>(भाग-2 क्लास-36 वर्ग-494)<br>(व्यापारिक प्रतिष्ठान-2000 वर्ग मीटर से अधिक के उद्यान के विजेता हेतु) | टाटा मोटर्स लि0, देवा रोड, लखनऊ | प्रथम |

| | |
|---|---|
| स्व0 श्री जंग बहादुर सिंह मेमोरियल चल कप प्रदर्शनी का सर्वोत्तम प्रदर्श के लिये। | रू0 3000/- नगद पुरस्कार<br>अपर पुलिस महानिदेशक,<br>पी0ए0सी0 मुख्यालय,<br>महानगर, लखनऊ। |
| स्व0 शुभम सिंह, मेमोरियल चल कप प्रदर्शनी में सर्वाधिक अंक प्राप्तकर्ता | अंसल ए0पी0आई0,<br>सुशान्त सिटी गोल्फ सिटी,<br>सुल्तानपुर रोड, लखनऊ।<br>**नगद इनाम रू0 7000/-** |

**प्रदर्शनी का विशेष आकर्षण एवं अंलकृत**

**डिस्पले-सजीव फूलों से राष्ट्रीय पक्षी मोर की आकृति**

**एवं टापयेरी का प्रदर्शन**

| | |
|---|---|
| **रंगोली** | **जन शिक्षण एवं ग्रामीण विकास संस्थान,<br>कानपुर रोड, लखनऊ** |